web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार, 31 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 181

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जहर देकर 100 से ज्यादा आवारा कुत्तों की हत्या, सरपंच के खिलाफ केस दर्ज

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के सिद्धीपेट जिले में कथित तौर पर कम से कम 100 आवारा कुत्तों की हत्या कर दी गई। एनिमल राइट्स ऐक्टिविस्ट अदुलापुरम गौतम के मुताबिक गांव के सरपंच और पंचायत सेक्रटरी ने मिलकर कुत्तों को जहर दे दिया। गौतम स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सदस्य हैं। पुलिस ने कहा है कि केस दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। गौतम द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि जगदेवपुर मंडल के तिगुल गांव में आवार कुत्तों की सामूहिक हत्या की गई। उनके मुताबिक गांव के सरपंच और पंचायत सेक्रटरी ने कुत्तों को पकडऩे वालों को हायर किया है। शिकायत में कहा गया कि 27 मार्च को कुत्तों को जहर दे दिया गया। इसके अलावा उन लोगों ने एक पालतू कुत्ते की भी हत्या करदी। रविवार को फाउंडेशन के सदस्य गांव में पहुंचे थे। पता चला कि कुत्तों को मारने के बाद उन्हें कुएं में फेंक दिया गया और फिर आग लगा दी गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में भी गड्ढे में पड़े कुत्तों के शव को देखा गया। ऐक्टिविस्ट ने सिद्धिपेट के कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर के पास भी शिकायत भेजी है। कलेक्टर से मांग की गई है कि इस अपराध के लिए सरपंच को सस्पेंड कर दिया जाए।

### इंदौर के एयरपोर्ट पर यात्री से मिला जिंदा कारतूस

**इंदौर (आरएनएस)।** एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान यात्री से जिंदा कारतूस मिला है। एयरपोर्ट कर्मचारियों ने यात्री को एरोड्रम पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, सीहोर का अतुल पिता शंभूशरण उपाध्याय इंडिगो की फ्लाइट से बंगलुरु जा रहा था। चेकिंग में उसके बैग से जिंदा कारतूस मिला। यात्री शाजापुर में प्रेस्टीसाइज कंपनी में काम करता है। इसी की मीटिंग के लिए बेंगलुरु जा रहा था। हालांकि, उसके बैग में जिंदा कारतूस कैसे आया? इसका जवाब वह नहीं दे पाया।

### रेप पीड़िता के साथ आरोपी ने की शादी, सुप्रीम कोर्ट ने कर दिया बरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत मिली असाधारण शक्तियों का प्रयोग करते हुए पीड़ित महिला से विवाह करने पर रेप के आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत चल रहा अभियोजन समाप्त कर दिया। जस्टिस विनीत शरण की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश आरोपी जतिन अग्रवाल की विशेष अनुमति याचिका पर कोर्ट ने कहा कि यह सत्यापित हो गया है कि महिला के साथ आरोपी ने 23 सितंबर 2020 को विवाह कर लिया है। वह खुशी से उसके साथ रह रही है। कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उससे बात की और वकील से उसकी पहचान करवाई और विवाह प्रमाणपत्र भी देखा। अभियुक्त पीड़ित से ऑनलाइन वेब पोर्टल भारत मैट्रीमोनी पर मिला था और उसके बाद दोस्ती कर उसने उसे शादी का वादा किया। इसके बाद वह कई दिनों साथ रहे, लेकिन बाद में वह मुकर गया। इस पर महिला ने उसके के खिलाफ धारा 417, 420 और 376 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई। इसके बाद दोनों में समझौता हो गया और आरोपी ने पीड़ित से विवाह कर लिया। आरोपी ने रेप का अभियोजन रद्द करने के लिए धारा 482 के तहत तेलंगाना हाईकोर्ट में याचिका दायर की लेकिन हाईकोर्ट ने केस समाप्त करने से इनकार कर दिया। इस आदेश को उसने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### पीएम ने 'परीक्षा पे चर्चा' के प्रति लोगों के उत्साह की सराहना की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन लाखों लोगों के उत्साह की सराहना की है, जिन्होंने इस वर्ष के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के प्रति अपनी मूल्यवान विचार साझा किये हैं। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' में योगदान देने वाले छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया। एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा; इस साल के परीक्षा पे चर्चा के प्रति उत्साह अभूतपूर्व रहा है। लाखों लोगों ने अपनी मूल्यवान विचार और अनुभव साझा किए हैं। मैं उन सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने योगदान दिया है। 1 अप्रैल के कार्यक्रम की प्रतीक्षा है।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के बीच देश को मिली पहली हाइड्रोजन कार

**नितिन गडकरी ने की सवारी**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में पेट्रोल और डीजल के रेट लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ शहरों में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के पार हैं। ऐसे में लोग पेट्रोल और डीजल के विकल्प के रूप में सीएनजी जैसे ईंधन पर भरोसा कर रहे हैं। इस बीच देश में हाइड्रोजन कार भी सामने आ गई है। बहुप्रतीक्षित पहली हाइड्रोजन कार भारत में अपना सफर शुरू कर चुकी है। केंद्रीय सडक़, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज बुधवार को इसकी सवारी की।केंद्रीय मंत्री इस एडवांस्ड कार में सवार होकर आज संसद पहुंचे। इस दौरान स्वच्छ ईंधन पर चलने वाली यह कार लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस कार को टोयोटा कंपनी के पायलट प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है और इसमें एडवांस फ्यूल सेल लगाया गया है। यह एडवांस सेल ऑक्सीजन और हाइड्रोजन के मिश्रण से बिजली पैदा करता है। इसी बिजली से कार चलती है। उत्सर्जन के रूप में इस कार से सिर्फ पानी निकलता है।

नितिन गडकरी ने कहा कि यह कार पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है और इससे किसी तरह का प्रदूषण नहीं फैलता है। उन्होंने कहा कि यह कार भारत का फ्यूचर है। पेट्रोल और डीजल इंजन वाली कारों से काफी प्रदूषण फैलता है, लेकिन हाइड्रो फ्यूल सेल कार से बिलकुल भी प्रदूषण नहीं होता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने इंडियन मार्केट में हाल में अपनी हाइड्रोजन कार लॉन्च की थी। हाइड्रोजन फ्यूल सेल पर चलने वाली देश की इस पहली कार को गडकरी ने ही लॉन्च किया था। गडकरी ने इस कार को फ्यूचर यूं ही नहीं बताया। दिलचस्प बात ये है कि कार के नाम का अर्थ भी यही है। जापानी भाषा के 'मिराई' शब्द का मतलब ही फ्यूचर यानी भविष्य है।

टोयटा ने इस कार के लिए हाइड्रोजन बेस्ड फ्यूल सेल सिस्टम डेवलप किया है। दरअसल ये भी एक इलेक्ट्रिक गाड़ी है, जो हाइड्रोजन यूज कर चलने के लिए जरूरी इलेक्ट्रिसिटी बनाती है। इसके फ्यूल टैंक से हाइड्रोजन की सप्लाई फ्यूल सेल स्टॉक को की जाती है। यह कार चारों ओर हवा में मौजूद ऑक्सीजन को खींचती है। फिर इन दोनों गैसों के केमिकल रिएक्शन से पानी (एच2ओ) और बिजली जेनरेट होती है। बिजली का इस्तेमाल कार को चलाने में होता है, जबकि पानी साइलेंसर से बाहर आ जाता है।

## श्रीनगर मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीमकालीन राजधानी श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने रात भर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को मार गिराया हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने आज यहां बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों में से एक रईस अहमद भट पहले पत्रकार था और पिछले वर्ष अगस्त में वह आतंकवादी संगठन में शामिल हो गया था। उन्होंने बताया कि पुराने श्रीनगर के रैनावारी इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों के आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में छिपे आतंकवादियों के सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने पर शुरु हुई मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के बिजबेहरा निवासी रईस अहमद भट और हिलाल अहमद राह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि रईस अनंतनाग में एक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल 'वैली न्यूज सर्विस' चलाता था। पुलिस ने ट्वीट कर कहा कि रईस पिछले वर्ष अगस्त में आतंकवादी समूह में शामिल हो गए था। उस पर आतंकवादी अपराध को लेकर पहले ही दो प्राथमिकी दर्ज है। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों ने इस महीने कश्मीर में नौ मुठभेड़ों में 13 आतंकवादियों को मार गिराया है।

## नेशनल हाइवे पर मिला बाघ का शव



**सिवनी (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले से होकर जाने वाले नेशनल हाइवे की फोरलेन सडक़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत एक बाघ का शव मिला है।

वन विभाग के अनुसार सिवनी से नागपुर की ओर जाने वाले नेशनल हाइवे पर ग्राम बटवानी में बीती देर रात सडक़ मार्ग से जा रहे लोगों ने बाघ का शव सडक़ पर देख कर इसकी सूचना पुलिस व वन अमले को दी। मृत बाघ को देखने के लिए हाइवे से गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा होने लगी।

सूचना मिलते ही लखनवाड़ा थाना पुलिस बल और दक्षिण सामान्य वनमंडल के सिवनी वन परिक्षेत्र का अमला व उडऩदस्ता दल मौके पर पहुंच गया। बाघ के शव को हाइवे से हटाकर रात में ही पेंच नेशनल पार्क के कार्यालय परिसर में भेज दिया गया।

आज सुबह से ही मृत बाघ का पोस्टमार्टम किये जाने की प्रक्रिया चल रही है।

वन अधिकारियों के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाघ की मौत हुई है। बाघ के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।

सिवनी वन परिक्षेत्र में पदस्थ डिप्टी रेंजर हरवेंद्र बघेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात वाहन की टक्कर से बाघ की मौत होना नजर आ रहा हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही बाघ की मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर करने और इसकी गति में तेजी लाने के लिए 808 मिलियन डॉलर को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज 'एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर और तेज करने (आरएएमपी या रैम्प)' पर 808 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 6,062.45 करोड़ रुपये के विश्व बैंक से सहायता प्राप्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। आरएएमपी या रैम्प एक नई योजना है और इसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2022-23 में होगी। इस योजना के लिए कुल परिव्यय 6,062.45 करोड़ रुपये या 808 मिलियन डॉलर है, जिनमें से 3750 करोड़ रुपये या 500 मिलियन डॉलर विश्व बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त होंगे और शेष 2312.45 करोड़ रुपये या 308 मिलियन डॉलर का इंतजाम भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर करने और इसकी गति में तेजी लाने (आरएएमपी या रैम्प)' दरअसल विश्व बैंक से सहायता प्राप्त केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जिसके तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) के विभिन्न कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड) सुदृढ़ता और रिकवरी उपायों के लिए आवश्यक मदद दी जा रही है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार एवं ऋणों तक एमएसएमई की पहुंच को बेहतर करना, केंद्र एवं राज्यों में स्थित विभिन्न संस्थानों और शासन को मजबूत करना, केंद्र-राज्य संबंधों और साझेदारियों को बेहतर करना, एमएसएमई को देर से होने वाले भुगतान और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा एमएसएमई को मुख्यत: पर्यावरण अनुकूल उत्पाद एवं प्रक्रियाएं ही मुहैया कराने से संबंधित मुद्दों को सुलझाना है।

राष्ट्रीय स्तर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का क्षमता निर्माण करने के अलावा आरएएमपी या रैम्प कार्यक्रम के तहत राज्यों में कार्यान्वयन क्षमता के साथ-साथ एमएसएमई की कवरेज बढ़ाने की कोशिश की जाएगी।

आरएएमपी कार्यक्रम; विशेष रूप से प्रतिस्पर्धा के मामले में, मौजूदा एमएसएमई योजनाओं के प्रभाव में वृद्धि करने के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र की सामान्य और कोविड से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा। इसके अलावा, यह कार्यक्रम अन्य चीजों के साथ अपर्याप्त रूप से विकसित तत्वों जैसे क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन व सहायता, कौशल विकास, गुणवत्ता संवर्धन, तकनीकी उन्नयन, डिजिटलीकरण, पहुंच में वृद्धि और प्रचार-प्रसार आदि को बढ़ावा देगा।

## अमेठी में फौजी के परिवार पर दबंगों का हमला : सूबेदार की 2 उंगली काटी, 9 लोग घायल



**अमेठी (आरएनएस)।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को दबंगों ने फौजी के घर पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडे की पिटाई में जवान, उसके पिता समेत 9 लोग बुरी तरह घायल हो गए। दबंगों ने धारदार हथियार से जवान की दो उंगली काट डाली। बताया जा रहा, फौजी के परिवार ने जमीनी विवाद को लेकर 69 बार डायल 112 पर फोन किया था, लेकिन एक भी बार पुलिस उसके दरवाजे नहीं पहुंची। परिणाम यह कि दबंगों के हौसले बुलंद होते गए। इसकी शिकायत भी जवान ने डीएम से की थी।

बता दें, घटना मुसाफिरखाना कोतवाली अंतर्गत पूरे रामदत्त मिश्र दादरा गांव की है। गांव निवासी दीपक मिश्रा सरहद पर देश की रखवाली करता है। वह सेना में सूबेदार है। पीड़ित प्रद्युम्न मिश्र ने बताया, बुधवार सुबह जब वह और उसका भाई दीपक घर के बाहर बैठ कर चाय पी रहे थे तो पड़ोस के बाबूलाल, चंद्रिका प्रसाद और इनके परिवार वालों ने बांका-फरसा आदि लेकर हम लोगों को चारों ओर से घेर लिया और हमला कर दिया।

**पुलिस ने मामले को हल्के में लिया था-** प्रदुम्न ने बताया, दबंगों ने दीपक की 2 उंगली काट डाली। हाथ और गले पर भी हमला बोला। बताया जा रहा, मंगलवार को थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर डांट-डपट कर बात खत्म की थी। घटना में सूबेदार दीपक मिश्रा, प्रदुम्न मिश्रा, पिता भागवत मिश्रा, मनीषा, सुभाष, पुष्कर, प्रिंस और विपक्षी बाबू लाल घायल हुए हैं। इन्हें पहले मुसाफिरखाना सीएचसी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सुल्तानपुर जिला अस्पताल भेजा। यहा गंभीर अवस्था में डॉक्टर ने दीपक मिश्रा, प्रदुम्न मिश्रा, पिता भागवत मिश्रा को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया है।

**यह है पूरा मामला-** बताया जा रहा, बाबूलाल, चंद्रिका प्रसाद दबंग व अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं। उन्हें हत्या के आरोप में 7 साल की सजा भी कोर्ट द्वारा सुनाई गई है। दबंगई के दम पर इन्होंने गाटा संख्या 1055, 56 व गाटा संख्या 1271 क 1271ख पर शौचालय, मंडप, सरिया, भुसौली आदि का निर्माण किया है। इस मामले में साल 2019 में राजस्व टीम द्वारा जांच में खलिहान पर कब्जा सही पाए जाने पर 52 हजार का जुर्माना भी किया गया था। उक्त लोगों ने न तो जुर्माना भरा और न ही भूमि खाली की।

**सेना के जवान ने डीएम से की थी शिकायत-** सेना के जवान दीपक मिश्रा ने इस संबंध में सोमवार को पिता को लेकर डीएम से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया था कि बाबूलाल हम लोगों का रास्ता बंद कर दिए हैं। आए दिन धमकाते रहते हैं। अपने रसूख के बल पर लगभग 5 बीघे जमीन अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। मेरे घर वाले 69 बार डायल 112 पर शिकायत के लिए कॉल किए बावजूद इसके अभी तक कोई राहत नहीं मिली है।

## जमीन से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणाली के सैन्य संस्करण का विकास परीक्षण पूरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सेना की जमीन से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल (एमआरएसएएम) ने एक बार फिर अपनी प्रभावशीलता साबित कर दी है, क्योंकि दो मिसाइलों ने उड़ान परीक्षणों के दौरान, 30 मार्च, 2022 को ओडिशा के चांदीपुर तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज पर उच्च गति वाले हवाई लक्ष्यों पर सीधे हिट किया। हथियार प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को स्थापित करते हुए समुद्र के किनारे और उच्च ऊंचाई की कार्यक्षमता को शामिल करते हुए रणनीति के तहत इन्हें लक्ष्यों पर छोड़ा गया था। इन परीक्षणों के दौरान मिसाइल, हथियार प्रणाली रेडार और कमांड पोस्ट सहित हथियार प्रणाली सभी भागों के प्रदर्शन को मान्य किया गया। उड़ान परीक्षण रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किए गए। विभिन्न श्रेणियों और परिदृश्यों के लिए उड़ान परीक्षणों के समापन के साथ, सिस्टम ने अपने विकास परीक्षण पूरे कर लिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एमआरएसएएम-सेना के सफल प्रक्षेपण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग की सराहना की और कहा कि सफल प्रक्षेपणों ने एक बार फिर प्रणाली की विश्वसनीयता साबित कर दी है।

## भोपाल और चेन्नई के बीच सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने कल (29/03/2022) भोपाल और चेन्नई के बीच इंडिगो की सीधी उड़ान की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, मध्य प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, चेन्नई उत्तर से संसद सदस्य डॉ. वीरास्वामी कलानिधि, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव राजीव बंसल और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

एयरलाइन अपने ए320 यात्री विमान को तैनात करेगी, जिसमें 150 सीटें हैं और इसमें ट्विन टर्बोफैन इंजन लगा है। इसका मुख्य रूप से घरेलू मार्गों पर उपयोग किया जाता है। इस नई उड़ान के शुभारंभ के साथ मध्य प्रदेश राज्य से 44 दैनिक प्रस्थान उड़ानें होंगी, जिसमें भोपाल से प्रस्थान की कुल संख्या औसतन 10 दैनिक उड़ानें होंगी।

इस अवसर पर ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का दिन है कि भारत का दिल (भोपाल) विकास, व्यापार, प्रगति के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं के केंद्र (चेन्नई) से जुड़ा है। जुलाई 2021 से भोपाल जो पहले केवल 5 शहरों से जुड़ा था अब 10 शहरों बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, प्रयागराज, आगरा, अहमदाबाद, रायपुर और चेन्नई से जुड़ा है। भोपाल से साप्ताहिक उड़ानों में भी 94 से 216 उड़ानों की वृद्धि हुई है, जो 150 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लिए उनके मंत्रालय द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि खजुराहो में नया फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल (एफटीओ) का उद्घाटन किया जाएगा और हाल ही में खजुराहो को दिल्ली से जोड़ा गया। भोपाल में एमआरओ के लिए टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है और इस पर काम शुरू हो जाएगा। इंदौर में एक अंतरराष्ट्रीय कार्गो सुविधा पहले से ही चालू है और इस वर्ष के अंत तक एक घरेलू कार्गो सुविधा का निर्माण किया जाएगा। इंदौर एयरपोर्ट को ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की तर्ज पर कैसे विस्तार किया जाए, इस पर भी हम राज्य सरकार से चर्चा कर रहे हैं। मंत्रालय और राज्य सरकार दोनों ग्वालियर में नए हवाई अड्डे की स्थापना के लिए काम कर रहे हैं। मंत्रालय की ओर से ग्वालियर, सतना, जबलपुर, इंदौर और भोपाल में 5 ड्रोन स्कूल स्वीकृत किए गए।

चेन्नई में दूसरे हवाई अड्डे के काम के बारे में सिंधिया ने कहा कि हम चेन्नई में दूसरा हवाई अड्डा बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर के हमारे महानगरों को दूसरे हवाई अड्डे की आवश्यकता है। हम दिल्ली के लिए जेवर में 38,000 करोड़ रुपये की लागत से दूसरा हवाई अड्डा बना रहे हैं। मुंबई में दूसरा हवाई अड्डा नवी मुंबई में 17,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। चेन्नई के लिए राज्य सरकार की ओर से मंत्रालय को 4 स्थान सुझाए गए थे। उन 4 स्थानों में से हमने 2 जगहों का चयन किया है और फाइनल साइट को लेकर राज्य सरकार से उत्तर की प्रतीक्षा है, ताकि यह सुनिश्चित करने के लिए काम शुरू किया जा सके कि चेन्नई में दूसरा हवाई अड्डा जल्द से जल्द चालू हो जाए।

मंत्री ने आगे बताया कि उड़ान योजना के तहत 415 मार्ग और 66 हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट, वॉटर ड्रम का संचालन किया गया है और 91 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। इस योजना के तहत 1 लाख 75 हजार से अधिक उड़ानें भरी जाती हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत में कुल हवाई अड्डों की संख्या को 100 नए हवाई अड्डों तक ले जाने के लिए 34 नए हवाई अड्डों के निर्माण की योजना बनाई है, जो वर्ष 2014 में 74 हवाई अड्डों तक थी।